आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–18 मई 2024 सान्ध्य समाचार

लोकसभा चुनाव के पाचवें चरण के लिये प्रचार अभियान आज शाम समाप्त हो गया। इस चरण में प्रदेश की चौदह सीटों पर बीस मई को मतदान होगा। ये सीटे हैं–मोहनलालगंज, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोण्डा। निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से पाचवें चरण का चुनाव सम्पन्न करवाने के लिये इन संसदीय क्षेत्रों में कल पोलिंग पार्टी रवाना की जायेंगी। इस चरण की सीटों पर प्रचार अभियान के आखिरी दिन सभी राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक ने रैलियां कीं और लोगों से अपने पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में वोट देने की अपील की।

****

लोकसभा चुनाव के लिये विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं और स्टार प्रचारकों ने आज भी अलग–अलग संसदीय क्षेत्रों में चुनाव प्रचार किया। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने झांसी और बस्ती में चुनावी रैलियों को सम्बोधित किया। बस्ती में चुनावी रैली को सम्बोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि उनकी सरकार जातिवाद और परिवारवाद की राजनीति नहीं करती, बल्कि देश की राजनीतिक करती है। मोदी जी के नेतृत्व में चल रही सरकार ने यह साबित कर दिया है कि भारत कमजोर नहीं है। वरिष्ठ भाजपा नेता और गृह मंत्री अमित शाह ने ललितपुर और बांदा में चुनावी रैली को सम्बोधित किया।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने लखनऊ में एक पत्रकार वार्ता के दौरान आरोप लगाया कि देश के किसानों का कर्जा माफ नहीं हुआ, जबकि हजारों करोड़ लेकर भागने वाले लोगों का कर्ज माफ कर दिया गया। कांग्रेस के स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी और भाजपा की स्टार प्रचारक हेमा मालिनी ने रायबरेली में लोगों से जन–सम्पर्क कर वोट मांगा।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इण्डिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी के पक्ष में बलरामपुर जिले में चुनावी सभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि अगर गठबंधन की सरकार बनी तो किसानों का पूरा कर्ज माफ कर दिया जायेगा और नौजवानों को नौकरी दी जायेगी। श्री यादव ने यह भी कहा कि यह चुनाव संविधान को बचाने का चुनाव है। उन्होंने अयोध्या में चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने बस्ती में चुनावी रैली के दौरान कहा कि बहुजन समाज पारटी अपने बल–बूते पर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस, सपा तथा भारतीय जनता पार्टी द्वारा कई पार्टियों का गठबंधन कर के चुनाव लड़ा जा रहा है। बसपा ने बिना जातीय भेदभाव के प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारा है।

****

हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने अलग–अलग आतंकी संगठनों से कनेक्शन के आरोपों में गिरफ्तार ग्यारह आरोपियों को सशर्त जमानत दे दी है। इन सभी लोगों पर आतंकियों की मदद का आरोप है। जांच एजेंसी द्वारा नब्बे दिन के भीतर आरोप पत्र दाखिल न कर पाने की वजह से न्यायमूर्ति ए.आर. मसूदी और मनीष कुमार निगम की खण्डपीठ ने यह फैसला सुनाया।

****

जिला जज संजीय पाण्डेय की अदालत ने वाराणसी के ज्ञानवापी से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिये उन्तीस मई की तारीख तय की है। काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास की तरफ से डाली गयी एक याचिका के जरिये व्यास जी के तहखाने की छत की मरम्मत करने की मांग की गयी है। इस मामले में सुनवाई के दौरान आज दोनों पक्षों के द्वारा अपनी–अपनी दलीलें पेश की गयीं। इसके अलावा ज्ञानवापी परिसर के शेष स्थल के सर्वे सम्बन्धी एक अन्य मामले की भी सुनवाई की गयी।

****

देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने परिवार के साथ आज अयोध्या में रामलला का दर्शन–पूजन किया। उन्होंने परिसर स्थित कुबेर टीला का भी दर्शन किया। इससे पहले श्री कोविंद ने हनुमानगढ़ी पर पूजा–अर्चना की और रायगंज स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में ज्ञानमती माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। दो दिवसीय प्रवास पर अयोध्या पहुंचे पूर्व राष्ट्रपति ने कल परिवार सहित सरयू तट पर पहुंच कर सरयू आरती में हिस्सा भी लिया था। उन्होंने कहा कि सरयू आरती में भाग लेना अपने आप में एक दिव्य अनुभूति है।

****

प्रदेस के विभिन्न जिलों में भीषण गर्मी और हीट वेव का प्रकोप कायम है। इस बीच, मौसम विज्ञान विभाग आगामी तीस दिनों तक हीट वेव जारी रहने का अनुमान जताया है। मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि पूर्वी उत्तर प्रदेस के गोरखपुर और आसपास के जिलों में इस बीच दिन का अधिकतम तापमान चौवालीस डिग्री तक पहुंच सकता है। उन्होंने आगामी इक्कीस से लेकर तेइस मई के बीच में पूर्वी उत्तर प्रदेस के कुछ जिलों में हल्की बारिश की भी सम्भावना जतायी।

****

आज अन्तर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस है। विश्व के संग्रहालयों के रचनात्मक प्रयासों को एकजुट करने और उनकी गतिविधियों के बारे में वैश्विक जागरूकता बने के लिये इसे प्रत्येक वर्ष अट्ठारह मई को मनाया जाता है। इस वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस शिक्षा और अनुसंधान के लिये संग्रहालय थीम के साथ मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज कुशीनगर जनपद के राजकीय बौद्ध संग्रहालय में वर्तमान समय में संग्रहालय का महत्व विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह आयोजन राजकीय बौद्ध संग्रहालय कुशीनगर और बुद्ध पीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजनना ने संयुक्त तत्वावधान में किया।

****